आगरा नगर निगम

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

"आइये ताजनगरी को स्मार्ट बनायें"

आगरा नगर निगम द्वारा *"आइये ताजनगरी को स्मार्ट बनायें"* शीर्षक पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगरा नगर को स्मार्ट सिटी बनाये जाने के परिप्रेक्ष्य में नगरवासियों की आगरा नगर को स्मार्ट सिटी के रूप में देखे जाने की परिकल्पना पर आधारित होगी जो नागरिकों की प्रतिभागिता के दृष्टिगत आयोजित की जा रही है।

अतः आगरा नगर निगम शहर के समस्त नागरिकों को इस निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये जाने हेतु आमंत्रित करता है।

प्रतियोगिता निम्न दो श्रेणियों हेतु आयोजित की जा रही है :-

श्रेणी-1 : समस्त स्कूलों के कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों हेतु।

श्रेणी-2 : उक्त श्रेणी के अतिरिक्त समस्त शहरवासियों हेतु।

प्रक्रिया को सरल बनाये जाने के उद्देश्य से अधिकतम 1000 शब्दों में निबन्ध लिखे जाने हेतु सुझाव निम्न बिन्दुओं पर केन्द्रित होने चाहिये :-

- **आगरा को स्मार्ट सिटी के रूप में कैसे परिकल्पित किया जा सकता है ? इस पर सुझाव (अधिकतम एक पैराग्राफ)।**
- **समस्त नगर के लिये (PAN CITY) सबसे अधिक ज्वलन्त समस्या एवं उस समस्या के स्मार्ट समाधान हेतु सुझाव (अधिकतम एक पैराग्राफ)।**
- **नगर का कोई एक 500 एकड़ का ऐसा क्षेत्र जिसे रेट्रोफिट किये जाने हेतु चयनित किया जाना हो (Retrofitting) एवं चयनित क्षेत्र को रेट्रोफिट किये जाने के सम्बन्ध में सुझाव (अधिकतम एक पैराग्राफ)।**
- **नगर का कोई एक 50 एकड़ का ऐसा क्षेत्र जिसे नये सिरे से विकसित किया जाना हो (Redevelopment) एवं चयनित क्षेत्र का उल्लेख करते हुये विकसित किये जाने हेतु सुझाव (अधिकतम एक पैराग्राफ)।**

स्मार्ट सिटी से सम्बन्धित गाइडलाइन्स भारत सरकार की वेबसाइट http://smartcities.gov.in/ पर उपलब्ध है। निबन्ध लेखन में गाइडलाइन्स की सहायता ली जा सकती है।

सर्वश्रेष्ठ तीन निबन्धों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कार धनराशि निम्नानुसार होगी :-

पुरस्कार	स्कूल विद्यार्थियों के लिए	अन्य सभी के लिए
प्रथम पुरस्कार	रु. 7,000/-	रु. 10,000/-
द्वितीय पुरस्कार	रु. 5,000/-	रु. 7,000/-
तृतीय पुरस्कार	रु. 3,000/-	रु. 5,000/-

उक्त प्रतियोगिता के लिए आवेदन दिनांक 20 अक्टूबर, 2015 सांय 4:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र नगर निगम की वेबसाइट http://nagarnigamagra.com से डाउनलोड कर अथवा मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं।

आवश्यक शर्तें :-

1. विजेताओं का चयन अभिनव एवं व्यवहारिक दृष्टि से सुझावित विचारों, जिन्हें लागू किया जाना सम्भव हो, के आधार पर किया जायेगा।
2. विजेताओं के चयन के सम्बन्ध में नगर आयुक्त का निर्णय अंतिम होगा।
3. स्कूल विद्यार्थियों के आवेदन एवं निबन्ध, सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा संकलित कर नगर निगम में जमा कराने होंगे।
4. प्रतिभागियों को अपना निबन्ध स्वच्छ देवनागिरी हस्तलिपि अथवा टंकित लिपि में दिनांक 20.10.2015 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक मुख्य अभियन्ता कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन पत्र एवं निबन्ध पत्र दो प्रतियों में जमा करने होंगे। किसी भी जानकारी के लिये दूरभाष संख्या 9319406009 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(इन्द्र विक्रम सिंह)
नगर आयुक्त

आगरा नगर निगम

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

"आओ ताजनगरी को स्मार्ट बनायें"

आवेदन पत्र

श्रेणी :- स्कूल विद्यार्थी ☐ अन्य ☐

आवेदन क्रमांक :- .... (विभाग द्वारा भरा जायेगा)

आवेदक का नाम :- ....

पिता/अभिवावक का नाम :- ....

जन्मतिथि / आयु :- ....

पता :- ....

....

शैक्षिक योग्यता :- ....

शिक्षण संस्था का नाम एवं मोहर व फोन नम्बर :- ....

.... (केवल विद्यार्थियों के लिये)

व्यवसाय एवं फोन नम्बर :- .... (केवल अन्य के लिये)

दिनांक :-

हस्ताक्षर

कार्यालय के प्रयोग हेतु

प्राप्ति दिनांक :- ....

हस्ताक्षर
नगर निगम, आगरा